वेबसाईट : www.abvp.org पंजिकृत क्रमांक : S-385/1949-50

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद

केंद्रीय कार्यालय– 3, मार्बल आर्च, सेनापती बापट मार्ग, माटुंगा रोड (प.रे.), माहिम, मुंबई - 400016.
दूरभाष :(022) 24306321 / 24378866 फैक्स :24313938 ई–मेल : abvpkendra@gmail.com

दिनांक 20 दिसंबर 2018

-: प्रेस विज्ञप्ति :-

डॉ. एस. सुबैय्या विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं श्री आशीष चौहान राष्ट्रीय महामंत्री के रूप में पुनर्निवाचित।

डॉ. एस. सुबैय्या (चेन्नई) और श्री आशीष चौहान (मुंबई)देश के अग्रणी छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के क्रमशः राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय महामंत्री के पद के लिए सत्र 2018-19 हेतु निर्विरोध पुनर्निर्वाचित हुये है। यह घोषणा आज अभाविप केंद्र कार्यालय (मुंबई) से की गई।

अभाविप केंद्र कार्यालय से आज चुनाव अधिकारी सुश्री ममता यादव द्वारा जारी वक्तव्य के अनुसार उपरोक्त दोनों पद का कार्यकाल एक वर्ष रहेगा और दोनों पदाधिकारी कर्णावती (अहमदाबाद), गुजरात में दि. 27-30 दिसंबर, 2018 में होने वाले 64 वें राष्ट्रीय अधिवेशन में अपना पदभार ग्रहण करेंगे।

प्रा. डॉ. एस. सुबैय्या मूलतः तमिलनाडू के तुतुकुड़ी जिले से है, आप विद्यार्थी जीवन से ही सक्रिय कार्यकर्ता के रुप में कार्य कर रहे है। चिकित्सा क्षेत्र में कैंसर विशेषज्ञ के रुप में ख्याति प्राप्त, आपकी शिक्षा MBBS, M.S., M.Ch. (कैंसर चिकित्सा) तक हुई है तथा वर्तमान में किल्पौक मेडिकल कॉलेज चेन्नई में कैंसर चिकित्सा विभाग में प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष के पद पर कार्यरत है। आपने अब तक 3000 से अधिक सर्जरी, 50 से अधिक चिकित्सीय शोधपत्र राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय पत्रों में प्रकाशित किए है तथा अति विशिष्ट कैंसर विषयिक शिक्षा में अब तक 50 से अधिक विद्यार्थियों का मार्गदर्शन कर चुके है। आप कैंसर विज्ञान चिकित्सा से जुड़ी विभिन्न राष्ट्रीय संस्थानों में माननीय सदस्य है। आपका चिकित्सा से जुड़े सेवाकार्यों में विद्यार्थी काल से ही संबंध रहा है तथा तमिलनाडू में शिक्षा के विकास तथा तमिल इतिहास पर विशेष रुचि रखते है। तथा सांस्कृतिक राष्ट्रवाद इस विषय पर आपका सतत् अध्ययन है। आप वर्ष 1986 से परिषद के विभिन्न दायित्वों पर रहते हुए पूर्व में आपने तमिलनाडू प्रांत अध्यक्ष, वर्ष 2015 से राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रहे। आप इस सत्र (2018-19) के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष पुनर्निर्वाचित हुए है।

श्री आशीष चौहान मूलतः हिमाचल प्रदेश के शिमला जिला से है। आपकी शिक्षा B.Sc., BJMC, (पत्रकारिता) MBA तक हुई है। आप 2003 से अभाविप के संपर्क में हैं। आप पूर्व में राजकीय महाविद्यालय सीमा (रोहड़ू) में छात्र संघ अध्यक्ष, जिला संयोजक, विश्वविद्यालय इकाई अध्यक्ष– मंत्री, जिला संगठन मंत्री, राष्ट्रीय मंत्री, अखिल भारतीय शिक्षण संस्थान कार्य “थिंक इंडिया” के संयोजक एवं मुंबई महानगर संगठन मंत्री रहे हैं। आपने हिमाचल प्रदेश में वामपंथी विचारों के विरुद्ध राष्ट्रवादी विचारों का प्रभावी नेतृत्व किया है। आपने वर्ष 2010 से “थिंक इंडिया” के माध्यम से अखिल भारतीय शिक्षण संस्थान (IIT, IIM, NLU इत्यादि) में शिक्षा की गुणवत्ता, विद्यार्थियों के मुद्दों को लेकर सराहनीय कार्य किया है। 2014 में भारत सरकार के युवा खेल मंत्रालय द्वारा आयोजित चीन यात्रा के प्रतिनिधि मंडल में सदस्य के रूप में आपकी चीन यात्रा हुई है। इसके साथ ही अमेरिका विदेश मंत्रालय द्वारा आयोजित “लेजिस्लेटिव फेलो 2016” कार्यक्रम के माध्यम से आपकी अमेरिका यात्रा हुई है। आपने विभिन्न राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रमों में युवा विषय, भारत चीन संबधं एवं शिक्षा विषयों पर भाषण इत्यादि दिए है। वर्तमान में आप India- China Youth Dialogue के महासचिव भी है। आपका केन्द्र मुंबई है। आप इस सत्र (2018-19) के लिए पुन: राष्ट्रीय महामंत्री निर्वाचित हुए है।

(यह प्रेस विज्ञप्ति केन्द्रीय कार्यालय मंत्री नीरज चौधरकर द्वारा जारी की गई है।)